करने का अधिकार कारपोरेशन के पास सुरक्षित रहेगा। विज्ञापन का सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.uppcl.org पर आवेदन करने की अंतिम तिथि तक देखा जा सकता है।

**13. पारदर्शिताः–** परीक्षा की पारदर्शिता हेतु निम्न व्यवस्थायें की गई हैं:–
ऑनलाइन परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् प्रश्नपत्र का सही हल, परीक्षा की समाप्ति से यथासम्भव 03 दिन के अन्दर, विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा अथवा डाउनलोड करने हेतु लिंक उपलब्ध कराया जायेगा एवं अभ्यर्थी को अपलोड की तिथि से 03 दिन तक का समय साक्ष्य सहित आपत्ति दर्ज कराने हेतु उपलब्ध कराया जायेगा। प्राप्त सभी आपत्तियों को संज्ञान में लेने एवं विषय विशेषज्ञों की राय (जिनका निर्णय अंतिम होगा) के उपरान्त ऑनलाइन परीक्षा का मूल्यांकन करते हुए दक्षता(टंकण)परीक्षा हेतु शार्टलिस्टेड सूची जारी की जाएगी। अभ्यार्थियों को **www.uppcl.org** की वेबसाइट से रिस्पांस–शीट अपने लागिन आई0डी0 एवं पासवर्ड से डाउनलोड़ करना होगा जिसे आयोग द्वारा उपलब्ध नहीं कराया जायेगा। उपरोक्त निर्धारित अवधि के पश्चात् परीक्षा सम्बन्धी किसी भी आपत्ति को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**14.** किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र केवल उत्तर प्रदेश होगा।

**15. महत्वपूर्ण तिथियाँ :**

| क0सं0 | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाइन आवेदन पत्र पूर्ण करने की तिथियाँ | 07-10-2021 से 27-10-2021 तक |
| 2 | नेट बैंकिंग/केडिट कार्ड/डेबिट कार्ड इत्यादि द्वारा आवेदन शुल्क जमा करने की तिथियाँ– | 07-10-2021 से 27-10-2021 तक |
| 3 | स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के चालान द्वारा आवेदन शुल्क जमा करने की तिथियाँ (चालान डाउनलोड करने की अन्तिम तिथि 27.10.2021)– | 07-10-2021 से 29-10-2021 तक |
| 4 | ऑनलाइन (CBT) परीक्षा की सम्भावित अवधि | दिसम्बर 2021 के प्रथम सप्ताह |

सचिव
विद्युत सेवा आयोग

संं0 953 /विसेआ/05–VSA–2021/ARO दिनांकः 17/09/2021

ESCUPPCL विद्युत सेवा आयोग सचिव 2021

ELECTRICITY SERVICE COMMISSION

